Amar Ujala (22/04/2018)

# वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया पुरस्कृत

देवप्रयाग। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के वार्षिकोत्सव के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

संस्थान परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य तथा पीएचडी के उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने खेल गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में मनीष पंत, अभिषेक कुकरेती, अभिषेक पंडित, शुभम भट्ट, नकुल, कल्पेश, यशवंत, विशाल, रोहित, धनेष आदि शामिल हैं। इसके साथ ही इस वर्ष परिसर में नवनियुक्त शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक विजेंद्र बिष्ट और अंग्रेजी प्राध्यापिका डॉ. लक्ष्मी चौहान को भी सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में यूथ आईकॉन पुरस्कार से सम्मानित डा. वीरेंद्र बर्त्वाल को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो.केबी सुब्बरायुडु, प्रो. बनमाली बिस्वाल, डा. आर. बालमुरुगन, डा. प्रफुल्ल गड़पाल, डा. मुकेश कुमार मौजूद थे। ब्यूरो

30/August/2018
Amar Ujala

# संस्कृत भाषा के प्रचार- प्रसार व संरक्षण का लिया संकल्प

देवप्रयाग (ब्यूरो)। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर छात्रों ने संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार व संरक्षण का संकल्प लिया।

बुधवार को संस्कृत सप्ताह के पहले दिन छात्रों ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। आयोजित गोष्ठी में छात्रों ने वेदपाठ कर संस्कृत के महत्व और भविष्य पर विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महंत राजेश स्वरूप ने कहा कि हर कोई मनुष्य ज्ञानी है। ज्ञान को कैसे निखारा जाय व उसका सदुपयोग कैसे किया जाय यह मनुष्य की मनोवृत्ति पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भाषा की महत्ता व उसके भविष्य को देखते हुए भाषा देश व दुनिया के लिए शोध का विषय बनी



राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान देवप्रयाग में हुआ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ।

## श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में संस्कृत सप्ताह की शुरुआत

है। संस्थान के प्राचार्य प्रो. केबी सुब्बरायुडु ने छात्रों को संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित भाव से कार्य करने को कहा है। कहा कि अगले सत्र से संस्थान में जहां छात्रों की संख्या दोगुनी हो जाएगी वहीं परिसर भी सुविधा संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. आर बालमुरुगन ने कहा कि संस्कृत सप्ताह में छात्रों की कंठ पाठ, भाषण, एकल गायन आदि प्रतियोगिताएं भी होंगी। मौके पर केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव वर्मा, जितेंद्र, डा. शैलेंद्र उनियाल, डा. नितेश द्विवेदी, डा. मुकेश कुमार, डा. अरविंद गौर, पंकज कोटियाल, विजेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

23/May/2018
हिन्दुस्तान

# देवप्रयाग में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

देवप्रयाग | हमारे संवाददाता

गंगा तीर्थ देवप्रयाग में अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर रन फॉर क्लीन गंगा कैंपन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान व राइंका देवप्रयाग केएनएसएस स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने आयोजित दौड़ के बाद संगम स्थल पर सफाई अभियान चलाया।

मंगलवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप देहरादून व गढ़वाल विवि परिसर श्रीनगर की ओर से अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर देवप्रयाग में रन फॉर क्लीन गंगा कैंपन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने स्वच्छ गंगा का संदेश देते हुए संगम स्थल से रामकुंड तक तीन किमी की दौड़ लगाई। इसके बाद संगम पर सफाई अभियान चलाया गया।

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के प्राचार्य प्रो. केबी सुब्बारायडू ने कहा कि गंगा नदी का धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यावरणीय महत्व युगों से रहा है। इसलिए गंगा की स्वच्छता के लिए सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अभियान में सम्मिलित होकर गंगा को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर प्रधानाचार्य वाईके सिंह, डॉ. शैलेंद्र नारायण कोटियाल, डॉ. सुरेश शर्मा, विपिन भट्ट, वीएस लिंगवाल, प्रदीप, नरेंद्र, रुपाली, आयुषी, प्रदीप कोठियाल आदि मौजूद रहे।

23/May/2017
अमर उजाला

# रन फॉर क्लीन गंगा के लिए जुटे

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर चला सफाई अभियान, गंगा स्वच्छता का दिया संदेश

**अमर उजाला ब्यूरो**

श्रीनगर/देवप्रयाग।


गंगा हमारा इतिहास, वर्तमान और भविष्य है। इसी संदेश को लेकर मंगलवार को विवि के छात्र, शिक्षक, अधिकारी और स्थानीय लोगों ने दौड़ लगाई।

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गढ़वाल विवि के नमामि गंगे प्रकोष्ठ उमंग की ओर से 'रन फॉर क्लीन गंगा' का आयोजन किया गया, जिसके तहत छात्र, शिक्षक, अधिकारी गोला पार्क से एनआईटी गेट होते हुए वापस विवि प्रशासनिक भवन मैदान तक दौड़े। रन फार रीवर का शुभारंभ कुलपति प्रो. सीएस बागड़ी, डीआईजी उपेंद्र बलोदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। रन फार क्लीन रीवर में करीब 800 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विवि के प्रशासनिक भवन मैदान में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. एससी बागड़ी ने कहा कि हमारी पहचान गंगा से है। इसलिए हमें अपनी पहचान बनाए रखने के लिए गंगा की पहचान बचाए रखनी होगी। प्रसिद्ध लघु फिल्म निर्माता निर्देशक नवीन चंद्र डंडरियाल ने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए सभी को सहयोग करना होगा। गंगा की स्वच्छता सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत, गढ़वाल विवि के वित्त अधिकारी डा. पदमाकर मिश्र, प्रो. पीएस राणा, प्रो. ओपी गुसाईं सहित विवि के विभिन्न अधिकारी, शिक्षक, शहर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र व शिक्षक मौजूद थे। देवप्रयाग में भी रन फार रीवर का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, जीआईसी देवप्रयाग के एनएसएस स्वयंसेवियों व संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने भागीदारी की। स्वच्छ गंगा का संदेश देते स्वयंसेवियों ने गंगा संगम से भगवान राम की तपस्थली रामकुंड तक तीन किमी की दौड़ लगाई।



श्रीनगर में जीबी पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान में जैव विविधता दिवस पर पेंटिंग दिखाते स्कूली छात्र। अमर उजाला

06/September/2018
Amar Ujala



संस्कृत सप्ताह के विजेता छात्र-छात्राओं सम्मानित करते संस्कृत विद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रो. श्रीयांश द्विवेदी।

## संस्कृत भाषा का अध्ययन जरूरी: कुलपति

देवप्रयाग। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में संस्कृत सप्ताह का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महर्षि संस्कृत विवि मुंदड़ी हरियाणा के कुलपति प्रो. श्रीयांश द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन मात्र नौकरी के लिए नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि मनुष्य चिंतन के लिए भी आवश्यक है। कहा कि देश व विदेश में संस्कृत भाषा का महत्व बढ़ रहा है। जिसका मुख्य कारण संस्कृत भाषा में योग व आयुर्वेद जैसी विधाओं का समावेश है। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि संस्कृत के छात्रों की वाक शैली व स्मरण शक्ति नैतिकता अन्य की तुलना में अच्छी होती है। कार्यक्रम में निबंध लेखन में क्रमशः स्थान प्राप्त करने वाले श्याम देव, संदीप कोठारी, प्रियंका, भाषण प्रतियोगिता के विजेता संदीप कोठारी, प्राची नोटियाल, बालकृष्ण व निबंध लेखन के जूनियर वर्ग की हर्षिता, रुचिका, दीक्षा तथा निबंध लेखन आधुनिक के विजेता आयुषी नेगी, शिवानी, श्रुति निबंध लेखन पारंपरिक के विजेता राम तिवाड़ी, दीपक नौटियाल व आधुनिक निबंध वर्ग की सीनियर प्रतिस्पर्धा में स्थान पाने वाली नेहा पंचभैया, वर्षा भट्ट तथा संस्कृत एकल गान के विजेता अनुरुद्ध त्रिपाठी, भावेश, श्रोतिय व संस्कृत भाषण के जूनियर वर्ग के अमन भट्ट, आदित्य भंडारी तथा अंकित ठाकुर को पुरस्कृत किया गया। ब्यूरो

12/September/2018
Hindustan

# 'संस्थान के निर्माण में मदद करेंगे'

देवप्रयाग | हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के देवप्रयाग में निर्माणाधीन श्री रघुनाथ परिसर का विधायक विनोद कंडारी ने भ्रमण कर प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संस्थान के निर्माण में हर संभव सहयोग करेगी।

भारत सरकार द्वारा संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व स्तर पर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान को नोडल एजेंसी बनाया गया है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के 13वें परिसर के निर्माण की देवप्रयाग में मार्च 2016 में शुरूआत हुई। नृसिंहाचल पर्वत पर 23 एकड़ भूमि में बन रहे परिसर हेतु यहां संस्कृत महाविद्यालय देवप्रयाग द्वारा 8 एकड़ निजी भूमि भी प्रदान की गयी है। संस्थान के प्राचार्य प्रो.केबी सुब्बरायडू ने विधायक देवप्रयाग को परिसर में चल रहे निर्माण की जानकारी दी। इस दौरान प्रो.वनमाली विस्वाल, प्रो.अरविंद गौर, डॉ.मुकेश शर्मा, डॉ.विजेंद्र, वीरेंद्र, पंकज आदि थे।



मंगलवार को देवप्रयाग में विधायक विनोद कंडारी को स्मृति चिह्न भेंट करते प्राचार्य।

8/October 2018
Amar Ujala

# डा. सुशील को मिला श्री रघुनाथ कीर्ति हिंदी सेवा सम्मान

देवप्रयाग। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में हिंदी पखवाड़े पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर हिंदी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर डा. सुशील कुमार कोटनाला को श्री रघुनाथ कीर्ति हिंदी सेवा सम्मान से नवाजा गया।

रविवार को कार्यक्रम के समापन पर कर्मचारियों की नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता में नवीन कुमार प्रथम व ओमप्रकाश द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि सुलेख में नवीन कुमार पहले व राजेंद्र सिंह दूसरे स्थान पर रहे। दूसरी ओर छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता में नेहा पंचभैया व संदीप कोठारी क्रमशः प्रथम द्वितीय रहे। सुलेख प्रतियोगिता में संदीप कोठारी को पहला व श्याम देव शास्त्री को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संदीप कोठारी विजेता व शुभम भट्ट उपविजेता रहे। साथ ही भाषण में मोहित शर्मा ने पहले व श्रीनिवास ने दूसरे नंबर पर अपनी जगह बनाई। वाद विवाद में प्राची नौटियाल व कनिका गैरोला क्रमशः पहले, दूसरे नंबर पर रही। मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीयूषकांत दीक्षित ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति की संवाहक है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. केबी सुब्बरायुडु ने इस मौके पर हिंदी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए डा. सुशील कुमार कोटनाला को श्री रघुनाथ कीर्ति हिंदी सेवा सम्मान से नवाजा गया। ब्यूरो